## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)

## पीठासीन अधिकारी – अभिषेक गोयल, RAS

प्रकरण संख्या : 47 / 2024
रजिस्ट्रेशन नं. :2024 / 66

अभियुक्त :–

| | | |
|---|---|---|
| राजस्थान राज्य जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज) | बनाम | श्री नवनीत राठौड पुत्र श्री हरि नारायण राठौड निवासी राठौड मौहल्ला, दानपुर, तहसील छोटीसरवन, बांसवाडा, (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स हरीश प्यारा किराणा स्टोर, मैन रोड, दानपुर, तहसील छोटी सरवन जिला बांसवाडा (राज.) |

## अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

## निर्णय

दिनांक 24–06–2024

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री उम्मेद मल टेलर** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **09–04–2024** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **28–12–2023** को 2.35 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जॉंच हेतु **मैसर्स हरीश प्यारा किराणा स्टोर, मैन रोड, दानपुर, तहसील छोटी सरवन जिला बांसवाडा** पर पहुंचा। इस समय संस्थान पर **श्री नवनीत राठौड पुत्र श्री हरि नारायण राठौड** उपस्थित थे। **विक्रेता एवं गवाहान् की उपस्थिति में मैसर्स हरीश प्यारा किराणा स्टोर, मैन रोड, दानपुर, तहसील छोटी सरवन जिला बांसवाडा** का निरीक्षण करने पर दुकान में **प्रिमियम घी (रघु श्री) रेक में 500 एम.एल के 5 पैकेट विक्रय हेतु रखे थे। उक्त प्रिमियम घी (रघु श्री)** मे मिसब्राण्ड का शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देते हुए **प्रिमियम घी (रघु श्री) के 4 पैकेट प्रत्येक में 500 एम.एल** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इसकी कीमत [illegible]0/– रू. विक्रेता को चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता [illegible] तस्दीक कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा **प्रिमियम घी (रघु श्री) के 4 पैकेट प्रत्येक में 500 एम.एल के चार नमूना भाग तैयार कर प्रत्येक भाग** पर तैयार किये गये लेबल, जिस पर डी.ओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बॉसवाडा

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.07.08 15:49:21 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति. जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

का कोड क्रमांक **W-1697** प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाये। सील बंद नमूनो पर गवाहो के हस्ताक्षर कराकर नमूने का सम्पूर्ण विवरण लिखकर हस्ताक्षर कर चारो नमूना भागो को अपने कब्जे में लिया। एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए/2023/62 दिनांक 06–02–2023 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 82 दिनांक 10–01–2024 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **प्रिमियम घी (रघु श्री)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1697** Substanderd food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया। विक्रेता द्वारा **प्रिमियम घी (रघु श्री)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 12–04–2024 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपी को जरिये समन तलब किया गया।

दिनांक 27–05–2024 को अप्रार्थी ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अपना अपराध स्वीकार कर निवेदन किया कि न्यायालय जो भी जुर्माना करे, वह स्वीकार है।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए/2023/62 दिनांक 06–02–2023 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 82 दिनांक 10–01–2024 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **प्रिमियम घी (रघु श्री)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1697** Substanderd food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया है। प्रकरण में अभियुक्तगणो द्वारा स्वयं अपराध स्वीकार किया है। ऐसी स्थिति में अब

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.07.08 15:49:21 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती हैं। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(zx) के तहत सबस्टेण्डर्ड पाया गया **प्रिमियम घी (रघु श्री)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 व नियम 2011 की धारा 51 में निर्धारित है। अतः आरोपीगणो को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री नवनीत राठौड पुत्र श्री हरि नारायण राठौड निवासी राठौड मौहल्ला, दानपुर, तहसील छोटीसरवन, बांसवाडा, (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स हरीश प्यारा किराणा स्टोर, मैन रोड, दानपुर, तहसील छोटी सरवन जिला बांसवाडा (राज.) को रूपये 20000/– (अक्षरे बीस हजार रुपया मात्र) से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1. 2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 24–06–2024 खुले न्यायालय सुनाया गया।

(अभिषेक गोयल)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति0 जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2024.07.08 15:49:21 IST
Reason: SelfAttested